web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 01 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 36

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत से गिरा 17 वर्षीय युवक, हुई मौत, ईयरफोन लगाकर टहल रहा था छत में

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा के सेक्टर 29 में रहने वाला एक 17 वर्षीय युवक सुबह अपनी छत से नीचे गिर गया। उसे पास के ही कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक कान में ईयरफोन लगाकर सुबह करीब 6 बजे के आसपास अपने छत पर टहल रहा था और अचानक की हादसा हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सौम्यजीत विश्वास (17) को शुभ्रजीत विश्वास (पिता) ने निवास स्थान एच 232, अरुण विहार, सेक्टर 29, नोएडा से इलाज के लिए कैलाश अस्पताल में सोमवार सुबह एडमिट करवाया गया था। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिली तो पुलिस ने मौके पर जाकर उक्त घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली। पता चला कि मृतक सुबह करीब 6 बजे घर की छत पर हेडफोन लगाकर बात करते समय ध्यान भटकने के कारण छत से गिर जाने के कारण अस्पताल लाया गाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नदी में डूबी यात्रियों से खचाखच भरी नाव, 17 लोगों की मौत

**अबुजा ।** नाइजीरिया के पूर्वी राज्य टराबा में एक यात्री नाव पलटने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टराबा में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अभियान प्रमुख बशीर गर्ग ने कहा कि इस घटना में अब तक 17 लोगों का शव बरामद किया गया है जबकि 12 लोगों को बचाया गया है। गर्ग ने कहा कि एक स्थानीय बाजार से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 104 यात्रियों को लेकर जा रही नौका टराबा के स्थानीय सरकारी क्षेत्र करीम लामिडो की ओर जाते समय डूब गई। अधिकारी ने घटना के लिए नाव के ओवरलोड होने को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आगे की जांच चल रही है। टराबा राज्य के गवर्नर अगबू केफस ने एक बयान में इस घटना को बहुत दुखद करार दिया और स्थानीय बचावकर्मियों से खोज एवं बचाव अभियान तेज करने का आग्रह किया। पश्चिम अफ्रीकी देश में नाव दुर्घटनाएं प्राय: ओवरलोडिंग, खराब मौसम और दोषपूर्ण संचालन के कारण होती है। पिछले महीने, नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने पूरे देश में बार-बार हो रही घातक नाव दुर्घटनाओं की गहन और व्यापक जांच का आदेश दिया था।

### वियतनाम में सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत, 9 घायल

**हनोई ।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत लैंग सोन में मंगलवार तडक़े एक बस के कंटेनर ट्रक से टकरा जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। दुर्घटना हुउ लुंग जिले में रुंग कैम ढलान पर स्थानीय समयानुसार लगभग 02:10 बजे हुई, जब 16 सीटों वाली बस बाईं लेन पर विपरीत दिशा में जा रहे एक कंटेनर ट्रक से टकरा गई। बस में 15 यात्री सवार थे। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वियतनाम के सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार 2023 के पहले 10 महीनों में देश में 9,829 यातायात दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 5,496 लोग मारे गए और 6,973 अन्य घायल हुए।

## एमआईजी-21 बाइसन विमान ने आसमान में भरी आखिरी उड़ान, भारतीय वायुसेना ने दी विदाई



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एक युग के अंत के रूप में भारतीय वायुसेना के मिग-21 बाइसन विमान को आखिरी बार भारतीय आसमान में उड़ाया गया। विमान को राजस्थान के बाड़मेर जिले के उत्तरलाई के आसमान में देखा गया। वायु सेना के मुताबिक 30 अक्टूबर को इस अवसर को चिह्नित करने के लिए मिग-21 बाइसन ने आधुनिक फाइटर जेट सुखोई 30 एमकेआई के साथ उड़ान भरी। इस समारोह के दौरान तीनों सेनाओं के सैनिक मौजूद रहे।

रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि मिग-21 स्क्वाड्रन ने लगभग छह दशकों तक देश की सेवा की है। भारत-पाक संघर्षों के दौरान भी 'मिग-21 स्क्वाड्रन' ने युद्ध प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि ओरियल्स के नाम से जाना जाने वाला स्क्वाड्रन 1966 से मिग-21 का संचालन कर रहा है। अब इस स्क्वाड्रन को सुखोई-30 एमकेआई विमान से सुसज्जित किया जा रहा है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परिवर्तन देश के आसमान को आधुनिक बनाने और उसकी रक्षा करने के लिए भारतीय वायु सेना की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दरअसल भारतीय वायु सेना ने अपने मिग-21 लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने पर रोक लगाने की प्रक्रिया काफी पहले ही शुरू कर दी थी।

गौरतलब है कि मिग-21 फाइटर जेट बीते 6 दशकों से भारतीय वायु सेना के बेड़े का महत्वपूर्ण विमान है। वायु सेना के मुताबिक यह रोक मिग-21 लड़ाकू विमानों के पूरे बेड़े पर लगाई गई है।

बीते दिनों राजस्थान में मिग-21 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद भी वायु सेना ने यह विमान न उड़ाने का निर्णय लिया था। भारतीय वायु सेना के मुताबिक राजस्थान हादसे की जांच पूरी होने तक मिग-21विमानों के बेड़े यह प्रतिबंध लागू था।

जहां एक और भारतीय वायु सेना के पास आधुनिकतम फाइटर जेट सुखोई मौजूद है, वहीं बीते वर्ष दिसंबर में आधुनिक फाइटर जेट राफेल की अंतिम किस्त भी भारत पहुंच चुकी है। इसी के साथ ही भारत फ्रांस के बीच हुआ राफेल सौदा पूरा हो गया है। भारत और फ्रांस के बीच कुल 36 राफेल फाइटर जेट को लेकर सौदा हुआ था और अब भारत को सभी 36 राफेल मिल चुके हैं।

भारतीय वायु सेना चरणबद्ध तरीके से मिग-21 विमानों को अपने बेड़े से बाहर करने की प्रक्रिया का पालन पहले से ही कर रही थी। इन विमानों को भारतीय वायु सेना से पूरी तरह हटा लेने का फैसला लिया गया था। भारतीय वायुसेना उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान के साथ एलसीए मार्क 1 ए और एलसीए मार्क 2 सहित स्वदेशी विमानों को शामिल कर कर रही है।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**हरदोई (आरएनएस)।** हरदोई के सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिल्हौर-कटरा मार्ग पर खमरिया मोड़ के पास बीती देर रात अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार साल के बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। मृतक पचदेवरा थानाक्षेत्र के बराकांठ गांव के हैं और एक ही परिवार के बताए जा गए हैं। हादसे की जानकारी होते ही एसपी, एएसपी और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार में मिले मोबाइल की मदद से परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है। बराकांठ गांव निवासी होशियार सिंह (55) का छोटा बेटा गोविंद सांडी थानाक्षेत्र के नयागांव स्थित ससुराल में रहता है।

उसकी पत्नी को छह दिन पहले बेटी हुई थी। उसके छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को होशियार सिंह अपने बड़े बेटे मुकेश (30), पौत्र बल्लू (4) पुत्र मुकेश, परिवार के राजाराम और भतीजे मनोज के साथ कार से नयागांव जा रहे थे। रात खमरिया मोड़ के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई। इसके बाद सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराई। भिड़ंत इतनी तेज थी कार के परखच्चे उड़ गए और सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर सवायजपुर कोतवाली पुलिस के साथ ही एसपी केसी गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी दुर्गेश सिंह समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गई।

कड़ी मशक्कत के बाद कार के हिस्सों को काटकर शवों को बाहर निकाला गया और उन्हें मोर्चरी भेजा गया। कार में मिले मोबाइल की मदद से परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। हादसे से परिवार में चीख-पुकार मच गई। एसपी ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी और उसे मुकेश चला रहा था। पेड़ से टक्कर हुई है। परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई में हुए सडक़ हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## दमोह की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 3 की मौत

**दमोह(आरएनएस)।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में बड़ा पुल के पास चलाई जा रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार को दोपहर धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि पूरा मकान जमींदोज हो गया। इस हादसे में फैक्ट्री मालिक और दो महिलाओं की मौत हो गई। फैक्ट्री में काम कर रहे 11 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए।

पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। शहर में जहां पटाखा फैक्ट्री संचालित की जा रही थी, वह रिहायशी इलाका है। यहां अभय उर्फ छुट्टन गुप्ता इसका संचालन कर रहा था। दीपावली के त्योहार के चलते पटाखा बनाने का काम चल रहा था। मंगलवार को अभय गुप्ता करीब एक दर्जन मजदूरों के साथ फैक्ट्री में मौजूद था।

दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जोरदार धमाका हो गया। बारूद की चपेट में आने से फैक्ट्री मालिक के शरीर के आधे हिस्से के चीथड़े उड़ गए। हादसे में शहर के कछियाना मोहल्ला निवासी रिंकी (32) और अपूर्वा (19) की भी मौत हो गई। ये दोनों फैक्ट्री में काम किया करती थीं।

हादसे की सूचना पर पुलिस-प्रशासन की टीम, नगर पालिका का अमला और दमकल मौके पर पहुंचीं। टीम ने मलबे में दबे लोगों को निकालना शुरू किया। बड़ी मात्रा में बारूद होने की आशंका को देखते हुए मलबे में पानी भी डाला गया। घायल उमा कोरी की मां रेखा बाई ने बताया कि एक पटाखा में चिंगारी से आग भडक़ी और जोरदार धमाका हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री संचालक गुप्ता के पास दमोह से 12 किलोमीटर दूर इमलाई फैक्ट्री क्षेत्र में बारूद संग्रहण का परमिट था, लेकिन वह अवैध रूप से अपने घर के पिछले हिस्से में पटाखा फैक्ट्री का संचालन कर रहा था।

दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल का कहना है कि पटाखा फैक्ट्री अवैध रूप से संचालित हो रही थी। मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराई जा रही है। वहीं, एसपी सुनील तिवारी ने कहा कि पुलिस लाइसेंस वाली फैक्ट्रियों की मानीटरिंग करती है, लेकिन यह अवैध रूप से संचालित हो रही थी।

## वायु प्रदूषण पर सुप्रीमकोर्ट सख्त, पंजाब समेत 5 राज्यों से प्रदूषण नियंत्रण पर उठाए गए कदमों पर मांगा हलफनामा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली और आसपास के राज्यों की सरकारों से वायु प्रदूषण को रोकने के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण देने वाले हलफनामे मांगे। न्यायमूर्ति एस.के. कौल, सुधांशु धूलिया और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने टिप्पणी की कि जमीनी स्तर पर हवा की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ है और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिखाए गए कदम केवल कागजों पर हैं।

पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा दायर रिपोर्ट पर ध्यान दिया। सीएक्यूएम ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि दो-तीन वर्षों की तुलना में वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि फसल जलाना वायु गुणवत्ता खराब होने का एक प्रमुख कारण बना हुआ है।

पीठ ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की संबंधित सरकारों से एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें वायु प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित करने के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण हो।

इससे पहले 10 अक्टूबर को, शीर्ष अदालत ने सर्दियों के मौसम के दौरान दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण और फसल अवशेष जलाने के मुद्दे के बारे में वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की दलील पर संज्ञान लिया था। मामले की अगली सुनवाई 31 अक्टूबर के लिए स्थगित करते हुए उसने सीएक्यूएम को इस बीच एक रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

सिंह प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित एक जनहित याचिका (पीआईएल) में एमिकस क्यूरी (अदालत के मित्र) के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता करती हैं। हर साल, दिल्ली और पूरे एनसीआर को अक्टूबर से दिसंबर तक मुख्य रूप से फसल अवशेष जलाने के कारण वायु प्रदूषण का खामियाजा भुगतना पड़ता है।

## मराठा समूहों का तीसरे दिन भी विरोध-प्रदर्शन जारी, ट्रेन मार्ग किया अवरुद्ध



**मुंबई (आरएनएस)।** मराठा समूहों ने मंगलवार को भी समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर राज्य के कई जिलों में तीसरे दिन भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। आंदोलन फैलने से चिंतित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस मुद्दे पर चर्चा और समाधान के लिए बुधवार को मुंबई में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सभी राजनीतिक दलों के मराठा विधायकों ने नरीमन प्वाइंट में मंत्रालय के बाहर गांधी प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया और बाद में राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात कर समुदाय कोटा को अंतिम रूप देने के लिए विशेष विधायिका सत्र की मांग करने की संभावना है।

महात्मा गांधी के परपोते तुषार ए. गांधी ने कहा कि केंद्र ने सीएए-एनआरसी विरोधी प्रदर्शनों को रोकने के लिए नई दिल्ली में बहुत सफलतापूर्वक हिंसा की योजना बनाई थी, जो सरकार के लिए बड़ी शर्मिंदगी बन गई थी। तुषार गांधी ने तीखे स्वर में कहा, अब मराठा आरक्षण आंदोलन को बदनाम करने और उसे पटरी से उतारने के लिए महाराष्ट्र में भी यही तरीका अपनाया गया है। सरकारी कार्यालय में आगजनी की एक और घटना जालना से सामने आई, जहां कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने कोटा समर्थक नारे लगाते हुए एक ग्राम पंचायत कार्यालय को आग लगा दी।

सोलापुर में बड़ी संख्या में मराठा कार्यकर्ता रेलवे पटरियों पर लेट गए और कम से कम एक लंबी दूरी की ट्रेन के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जबकि पुलिस ने रेलवे लाइनों को साफ करने का प्रयास किया। हिंगोली जिले के नाइकनगर में भाजपा के एक स्थानीय कार्यालय को आग लगा दी गई, जबकि पुणे में बड़ी संख्या में मराठा कार्यकर्ता 'जल-समाधि' विरोध प्रदर्शन के लिए नदी में उतर गए।

परभणी जिले के कुछ हिस्सों में सार्वजनिक बस सेवाएं दूसरे दिन भी बंद रही और बुलढाणा जिले के मलकापुर में प्रदर्शनकारियों ने एक वाहन पर लगे सीएम के पोस्टरों पर काला रंग पोत दिया। कोटा की तत्काल घोषणा की मांग को लेकर बड़ी संख्या में मराठों ने मुंबई के चूनाभट्टी और नासिक जिले के मुंगसे गांव में क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की। अहमदनगर जिले के शेवगांव में मंगलवार को स्कूल और कॉलेज बंद रहे और छात्रों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

पुणे में, प्रदर्शनकारियों ने नेवले ब्रिज पर जलते हुए ट्रक के टायर फेंककर और सडक़ पर बैठकर सरकार विरोधी नारे लगाकर पुणे-बेंगलुरु राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिसके चलते महत्वपूर्ण मार्ग के दोनों ओर 10 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। सोलापुर जिले के टेंभुर्नी में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार का प्रतीकात्मक 'अंतिम संस्कार' जुलूस निकाला, जबकि नागपुर-पुणे स्लीपर बस सेवाओं की आधा दर्जन सेवाएं दिन भर के लिए निलंबित कर दी गईं।

## महिला ट्यूशन टीचर का कारनामा, कारोबारी के बेटे का अपहरण कर मांगी 30 लाख की फिरौती; फिर कर दी हत्या

**कानपुर (आरएनएस)।** एक चौंकाने वाली घटना में, एक व्यवसायी के 16 वर्षीय बेटे की मंगलवार को हत्या कर दी गई। वह सोमवार शाम से लापता था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुशाग्र ट्यूशन के लिए सोमवार शाम 4 बजे घर से निकला था। वह घर नहीं लौटा लेकिन रात करीब 9 बजे उसके परिवार को 30 लाख रुपये की फिरौती का पत्र मिला।

पुलिस को लडक़े के पिता मनीष कनोडिया ने सूचित किया, जो आचार्य नगर में रहने वाले जाने-माने कपड़ा व्यवसायी हैं। पुलिस ने जांच शुरू की और ट्यूशन पढ़ाने वाली महिला को हिरासत में ले लिया। वह फजलगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस ने दो और लोगों को हिरासत में लिया है।

उनसे पूछताछ में पता चला कि दोनों ने मिलकर कुशाग्र की हत्या की और फिर उसका शव फजलगंज थाना क्षेत्र में फेंक दिया। पुलिस ने मंगलवार की सुबह किशोर का शव बरामद किया। जांच में पता चला कि कुशाग्र की रस्सी से गला घोंटकर हत्या की गई है। इंस्पेक्टर रायपुर अर्चना गौतम ने बताया कि महिला टीचर और उसकी सहेली शादी कर घर बसाना चाहती थी। इसके लिए उसे पैसों की जरूरत थी और उसने अपहरण की योजना बनाई।

## राष्ट्रीय एकता दिवस की परेड में शामिल हुए पीएम मोदी, सीआरपीएफ की महिला बाइकर्स ने दिखाया साहसिक करतब



**एकता नगर (आरएनएस)।** आज देश में पूर्व उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई जा रही है। लौह पुरुष के 148वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्हें याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, सरदार पटेल की जयंती पर, हम उनकी अदम्य भावना, दूरदर्शी राजनेता और असाधारण समर्पण को याद करते हैं, जिसके साथ उन्होंने हमारे देश की नियति को आकार दिया। राष्ट्रीय एकता के लिए उनकी प्रतिबद्धता हमारा मार्गदर्शन करती रहती है। हम उनकी सेवा के लिए हमेशा ऋणी रहेंगे।

प्रधानमंत्री गुजरात के केवडिया में पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और राष्ट्रीय एकता दिवस परेड भी शामिल हुए। इस परेड में बीएसएफ और विभिन्न राज्य पुलिस के मार्चिंग दल शामिल हुए और अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। इस मौके पर पीएम मोदी ने सीआरपीएफ की महिला कर्मियों का साहसिक करतब देखा। सभी महिला बाइकर्स को पीएम मोदी और जनता की ओर से काफी सराहना मिली।

मालूम हो कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस या राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस अवसर पर पूरे देश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाता है, जिसमें समाज के सभी क्षेत्रों के लोग भाग लेते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआत साल 2014 में केंद्र सरकार द्वारा की गई थी।

## दीपोत्सव में दिखेगी राम के जन्म से लेकर अभिषेक तक की भव्यता



**अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या में तेज गति से चल रहे मंदिर निर्माण के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम की सारी तैयारी हो चुकी है। यहां निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा की तैयारी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव के दिन साकेत महाविद्यालय से शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए नया घाट चौराहे तक जाएगी। इस बार यहां 11 झाकियां निकाली जाएंगी।

भगवान राम के जन्मकाल से लेकर राज्याभिषेक तक की यात्रा इन झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी। विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, दीपोत्सव में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रामायण कालीन शिक्षा पर आधारित सामाजिक संदेश देने वाली झांकी होगी।

नगर भ्रमण करने वाली झांकियों से संबंधित कलाकार 11 रथ पर सवार होंगे, जो अपनी कला के जरिए रामायण कालीन दृश्यों को जीवंत करेंगे। अयोध्या से 11 ट्रकों की झांकियां निकलेगी जिसमें पुत्रेष्ठि यज्ञ एवं सबको सुरक्षा, भयमुक्त समाज, गुरूकुल शिक्षा एवं बच्चों का अधिकार, बेसिक शिक्षा, राम सीता विवाह एवं बेटियों के विवाह हेतु सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्था, अहिल्या उद्धार एवं मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालम्बन, 1090 एवं 1076 की सुविधा, पंचवटी/वन एवं पर्यावरण, रामेश्वरम सेतु एवं उप्र में पुलों का निर्माण, पुष्पक विमान एवं विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी, बेहतर वायु कनेक्टिविटी, केवट प्रसंग एवं समाज कल्याण, राम दरबार एवं बेहतर कानून व्यवस्था, शबरी-राम मिलाप एवं महिला कल्याण, लंका दहन एवं अपराधियों एवं भूमाफियाओं के विरूद्ध अभियान की झांकियां होगी।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अयोध्या में कराये जाने वाले दीपोत्सव-2023 की तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव के मामले में गिनीज विश्व रिकार्ड बनाया जाना है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही अथवा चूक नहीं होनी चाहिए। इस दीपोत्सव पर 21 लाख दीयों को प्रज्ज्वलित कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए 25 हजार वालंटियर लगाए जाएंगे।